# IOA

## IFFCO OFFICERS' ASSOCIATION

AONLA UNIT
P.O IFFCO TOWNSHIP, BAREILLY (U.P) - 243 403

Date. 07/02/2018

अपील

साथियों,

जैसा कि आपको विदित ही है कि वेतन पुनरीक्षण समझौता हो गया है तथा उसके एरियर का भुगतान भी सभी लोगों के खातों में आ चुका है । जिन संस्थाओं में 2017 से देय वेतन समझौते हुये है उनकी तुलना में हम लोगों का सबसे अच्छा समझौता हुआ है जिसके लिये हम इफको प्रबंधन का धन्यवाद देते है । इफको प्रबंध निदेशक माननीय डा.यू.एस. अवस्थी जी के कर कमलों से यह चौथा समझौता हुआ है हर समझौता अच्छे से अच्छा ही हुआ है ।

माननीय अवस्थी साहव ने इफको परिवार के मुखिया के रूप में 25 वर्ष पूर्ण हुये है इन 25 वर्षो में अवस्थी साहव ने वैसे तो देश हित, सहकारिता हित, व समाज के हित में अनगिनत कार्य किये है साथ ही संस्था में कार्य करने वाले लोगों के लिये बहुत कुछ किया है जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है ।

1. **सामाजिक सुरक्षा -**

ए. **विनोवलफण्ड ट्रस्ट** - किसी कर्मचारी की नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को 2 लाख रूपये की राशि एक मुश्त तथा रूपये 10000/- प्रति माह 84 महीनों तक या 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर जो भी पहले हो, दिया जाता है ।

बी. **सेवानिवृत पश्चात चिकित्सा योजना** - रिटायरमैन्ट के वाद चिकित्सा सुविधा देने की योजना चलायी ताकि हमारे कर्मचारी सेवानिवृत के पश्चात यदि कोई बीमारी हो जाती है तो उसका इलाज ठीक से करवा सके, यह योजना इस प्रकार है इस योजना में लगभग 8 करोड़ से ऊपर का प्रीमियम संस्था द्वारा प्रतिवर्ष भुगतान किया जाता है ।

1. प्रतिवर्ष विना किसी दवाई के रसीद के सामान्य इलाज हेतु रूपये 10000/- दिया जाता है ।
2. पति पत्नी के अस्पताल में भर्ती होने पर रूपये 4 लाख का भुगतान अस्पताल को किया जाता है ।
3. यदि किसी को गम्भीर बीमारी है 4 लाख के अतिरिक्त 2 लाख का और भुगतान करने का प्रावधान है ।
4. यदि पति पत्नी किसी भी दुर्घटना वस मृत्यु हो जाती है उसके परिवार को 2 लाख रूपये का सामूहिक बीमा के तहत दिया जाता है ।
5. यदि छोटी मोटी चोट हो अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नही है उसके इलाज के लिये भी विल प्रस्तुत करने पर रूपये 20000/- तक का भुगतान करने का प्रावधान है ।

सी. इफको पैन्सन योजना - रिटायरमैन्ट के पश्चात भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से सभी कर्मचारियों हेतु पेंन्सन योजना दी गयी, योजना माननीय अवस्थी साहव ने हमारी किसी भी सुविधा में कटौती न कर इसके प्रीमियम का भुगतान संस्था के द्वारा अर्जित लाभ से करने की व्यवस्था की । मात्र इफको में ही इस तरह की योजना वनी जिसमें कर्मचारियों से विना किसी कटौती के प्रीमियम का भुगतान संस्था द्वारा किया जाता है ।

आर्थिक मजवूती - 1. विदेशों में सयुंक्त उपक्रम लगाकर संस्था को आर्थिक रूप से मजवूत तो किया है साथ ही उन उपक्रमों में जो कर्मचारी भेजे जाते है वह भी आर्थिक रूप से काफी मजवूत हुये ।

**पदोन्नति के वेहतर अवसर** - पुरानी आर एण्ड पी लाइन को संशोधित कर सभी कर्मचारियों के कम से कम 3 प्रमोशन इनस्यूवर किये गये विदेशों में व देश के अन्दर दर्जनों उपक्रम स्थापित कर लोगों को वहां सेवा करने का अवसर दिया । भारत में स्थापित संयत्रों की क्षमता बढ़ाई, पॉरादीप संयत्र अधिग्रहण किया ।

इन्सैनटिव योजना - इन्सैन्टिव को संस्था के लाभ से जोड़ा गया कर पूर्व लाभ में इन्सैन्टिव का हिस्सा दिया जाता है जिससे पुरानी योजना के सापेक्ष इस योजना से कई गुना ज्यादा राशि इन्सैनटिव में मिलने लगी ।

**सी. आश्रित बच्चों हेतु योजना -**

1. यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री हाई स्कूल, इन्टर में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करता है तो उसकी शिक्षा का खर्च इफको वहन करती है ।

2. यदि किसी कर्मचारी का पुत्र खेल कूद में अर्न्तइकाई स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करता है तो उसकी पढ़ाई का खर्च भी संस्था वहन करती है ।

3. यदि किसी कर्मचारी का पुत्र या पुत्री अर्न्त इकाई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अच्छा प्रदर्शन करते है तो उनके भी आगे वेहतर पढ़ाई का खर्च संस्था उठाती है । इस तरह की योजना माननीय अवस्थी साहव के ही कुशल नेतृत्व में केवल हमारी संस्था में चल रही है ।

4. यदि किसी कर्मचारी का वेटा योग्य है संस्था में कोई पद रिक्त होता है उनको नौकरी देने के लिये वाहर की एजेन्सी से जो लिखित परीक्षा ली जाती है इफको कर्मियों के पुत्र या पुत्री के लिये 5 प्रतिशत अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान किया है यह केवल इफको में ही सम्भव है जो माननीय अवस्थी साहव की ही देन है ।

5. शिक्षा ऋण - कर्मचारियों के बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु मामूली ब्याज में 5 लाख रूपये तक ऋण देने का प्रावधान किया है ।

डी. - सभी कर्मचारी वेहतरीन तरीके से रह सके 8 लाख तक वाहन ऋण व 30 लाख तक भवन निर्माण ऋण का प्रावधान किया गया है ।

इस तरह कई अनगिनत कार्य माननीय अवस्थी साहव ने कर्मचारियों के हित में किये ।

अव चूंकि हम लोगों का नया वेतनमान जनवरी 2017 से लागू हो गया है ऐरियर का भुगतान भी हो गया है इस वेतन पुनरीक्षण के पश्चात लगभग 250 करोड़ रूपया वार्षिक का भार संस्था के ऊपर पड़ेगा, हमको मिलने वाली सभी सुविधायें यथावत रहे तथा सेवानिवृत के वाद की भी सारी योजनाओं यथावत रहे हम लोगों का कर्तव्य है कि हम न नई उर्जा व नये सोच के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाहन करें।

साथियों एक एक कदम चलकर ही दूरी तय होती है छोटी छोटी वचत की हम लोगों को आदत डालनी पड़ेगी, संयत्र व टाउनशिप में विजली,पानी का अनावश्यक प्रयोग को रोकें जहॉ पानी की वर्वादी हो रही है उसे रोके सिविल अनुभाग को सूचना दें, विजली जहां अनावाशयक खर्च हो रही है स्वीच आफ कर दें, उर्जा वचत में सहयोग करें, टाउनशिप व प्लाण्ट परिसर को स्वच्छ वनाने का प्रयास करें, गन्दगी कई वीमारियों की जड़ होती है अपने घर व कार्यस्थल के आस पास स्वच्छता का ध्यान रखें, प्रतिवर्ष लगभग 20 करोड़ से अधिक रूपया चिकित्सा व्यय पूर्ति पर संस्था खर्च करती है यदि हम स्वच्छता का ध्यान रखेगें तो यह खर्च भी काफी हद तक वचाया जा सकता है । ठेके में अनस्कील्ड लोगों की आपूर्ति कराने में करोड़ों रूपया प्रतिवर्ष संस्था खर्च कर रही है उनकी जरूरत का आकलन कर घटाया जा सकता है । अनावाश्यक सामान मंगाने से रोके ताकि इनवैट्री कम हो सके पेपर लैस कार्य ज्यादा से ज्यादा करें जिससे कागज की बर्बादी को रोका जा सके संस्था हमारी है इस संस्था को हमने ही चलाना है इसी सोच के साथ हम लोग माननीय प्रबंध निदेशक महोदय के विचारों का साथ दें तथा संस्था को अपना शत प्रतिशत योगदान देने का प्रयास करें । इफको प्रबंधन का हमेशा यही प्रयास रहा है कि संस्था के लाभ से कर्मचारियों को किसी न किसी रूप में जोड़े रखना यदि भविष्य में संस्था का लाभ ज्यादा होगा और भी सुविधाओं का इजाफा होगा ।

हरीश रावत

(हरीश रावत)
अध्यक्ष

रामसिंह 7/2/2018

(राम सिंह)
महामंत्री